भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 968

08 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

इस्पात की माँग

968. श्री दयाकर पसुनूरी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' नीति के साथ अवसंरचना में सुधार करने के प्रयासों अन्तर्गत देश में 2021 में इस्पात की माँग में वृद्धि होने की संभावना है तथा उत्पादन सम्पृक्त प्रोत्साहन योजना व्यवस्था से धन के अन्तःप्रवाह में और वृद्धि होगी;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) कोविड-19 से पूर्व और पश्चात् इस्पात की माँग और आपूर्ति की क्या स्थिति रहने का अनुमान है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): जी हाँ। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए बजट में घोषणाएं अर्थात् रेलवे के लिए 1,07,100 करोड़ रुपये का कैपेक्स आवंटन, जल जीवन मिशन, भारतमाला परियोजना प्रोजेक्ट के तहत सड़कों के निर्माण स्वच्छ भारत मिशन 2.0, मेगा टेक्सटाइल पार्कों के लिए योजना इत्यादि के लिए 2.87 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से देश में इस्पात की माँग बढ़ेगी। आत्मनिर्भर भारत के विजन और उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से भी पूँजी निवेश को आकर्षित करने में मदद करेगी, जिससे देश में इस्पात की माँग और उत्पादन में वृद्धि होगी। सरकार ने पीएलआई योजना के तहत, 'विशिष्ट इस्पात' ('स्पेशिलिटी स्टील') के समावेशन को भी अनुमोदन दिया है।

(ग): अप्रैल से जून, 2020 तक की अवधि के दौरान भारत में कुल तैयार इस्पात (नॉन-अलॉय, अलॉय/स्टेनलेस) के उत्पादन और खपत में विगत वर्ष की उसी अवधि की तुलना में काफी कमी आयी थी। तथापि, उसके बाद उत्पादन और खपत में तेजी से सुधार आया है और उसमें हाल के महीनों में पर्याप्त बढ़ोत्तरी हुई है। दिसंबर, 2020 में उत्पादन और खपत

9.32 एमटी और 9.68 एमटी थे, जिससे पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में माह-वार आधार पर क्रमशः 1.08 प्रतिशत और 11.9 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित हुई है। अप्रैल, 2019-20 और 2020-21 के दौरान उत्पादन और खपत का माह-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

माह	उत्पादन (एमटी)		% बदलाव	खपत (एमटी)		% बदलाव
	2019-20	2020-21*	(एमओएम आधार पर)	2019-20	2020-21	(एमओएम आधार पर)
अप्रैल	8.67	1.57	- 81.89	7.33	1.09	-85.13
मई	9.04	5.52	- 38.94	8.85	4.79	-45.88
जून	8.83	6.94	-21.40	8.59	6.35	-26.08
जुलाई	8.61	8.13	-5.57	8.57	7.69	-10.27
अगस्त	8.36	8.56	2.39	9.19	8.16	-11.21
सितंबर	8.11	8.52	5.06	8.45	8.45	0
अक्टूबर	8.32	9.08	9.13	8.83	9.33	5.66
नवंबर	8.57	8.90	3.85	7.77	9.08	16.86
दिसंबर	9.22	9.32	1.08	8.65	9.68	11.91
जनवरी	9.11	-	-	9.17	-	-
फरवरी	8.57	-	-	8.55	-	-
मार्च	7.20	-	-	6.21	-	-

स्रोत: जेपीसी, *2020-21 (सितंबर,20-दिसंबर,20) के लिए अनंतिम आंकड़े

****